# प्रेस नोट

## जनपदीय साइबर सेल

दिनांक:- 29-03-2023

- जनपदीय साइबर सेल टीम ने क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी धोखाधड़ी से प्राप्त कर बैंक का अधिकारी बनकर कॉल करके भोले–भाले लोगों को गिफ्ट वाउचर/बोनस देने के नाम पर अपनी बातों में फंसाकर ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 06 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।
- जिनके कब्जे से 7600/–रुपये, 03 आईफोन सहित 06 मोबाइल, एक लग्जरी कार, एटीएम कार्ड बरामद।
- अभियुक्त शातिर किस्म के साइबर अपराधी हैं जो अब तक करीब 100 से अधिक लोगों के साथ ऐसी घटनाएं कारित कर लाखों रूपये की ट्रांजेक्शन कर आर्थिक लाभ कमा चुके हैं।
- यह गिरोह एनसीआर क्षेत्र व अन्य राज्यों में सकिय था, यह लोकेशन बदल–बदल कर अलग–अलग शहरों में जाकर लोगों को कॉलिंग करके घटनाओं को अंजाम देते थे।

### कार्यवाही:–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में साइबर अपराध एवं अपराध करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय साईबर सेल टीम द्वारा क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी धोखाधड़ी से प्राप्त कर बैंक का अधिकारी बनकर कॉल करके भोले–भाले लोगों के बैंक खातों से धोखाधड़ी से धनराशि की निकासी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए थाना बाबूगढ के मु0अ0सं0 102/23 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 66सी, 66डी आई.टी एक्ट से सम्बन्धित 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

जिनके कब्जे से 7600/–रुपये, 03 आईफोन सहित 06 मोबाइल, एक लग्जरी कार, एटीएम कार्ड बरामद।

उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अपराध करने का तरीका:–

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि हम लोगों के **CREDIT CARD** की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक के अधिकारी बनकर उनको कॉल करके **गिफ्ट वाउचर व बोनस** देने के नाम पर अपनी बातों में फंसाकर उनसे **जन्मतिथि व ओटीपी** की जानकारी करके उनके **CREDIT CARD** से हम लोग फिलपकार्ट व अमेजन पर **FAKE ACCOUNT** बनाकर वाउचर खरीदकर उससे सामान ऑर्डर करके अलग–अलग पतों पर मंगवा लेते थे, मंगाये गये सामान को बेचकर जो धनराशि प्राप्त होती है उसको आपस में बांट लिया करते हैं।

हम लोगों ने हापुड के रहने वाले संदेश कुमार को कॉल करके उनके एक्सिस क्रेडिट कार्ड सं0 5334670025207370 पर गिफ्ट वाउचर व बोनस देने के लिये अपनी बातों में फंसाकर उनसे जन्मतिथि व ओटीपी की जानकारी लेकर उनके उक्त क्रेडिट कार्ड से करीब 9999/– रुपये की पेमेंट फ्लिपकार्ट के **FAKE ACCOUNT** पर वाउचर खरीदकर उससे सामान ऑर्डर करके फर्जी पते पर मंगाकर सामान को बेचकर प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लिया था। हम लोगों ने एनसीआर क्षेत्र व देश के कई राज्यों में लोगों के साथ इस प्रकार की घटना की है। बरामद उक्त कार भी धोखाधडी से कमाई गयी धनराशि से खरीदी है इसी कार से हम लोग लोकेशन बदल–बदल कर अलग अलग शहरों में जाकर लोगों को कॉलिंग करते हैं।

**नोटः–**

*गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म साइबर क्राइम अपराधी जिनके आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य जनपदों/राज्यों से जानकारी की जा रही है।*

## गिरफ्तारी का स्थान -

ईमाया मॉल पंजाबी बाग दिल्ली

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः–

1. साहिल उर्फ दर्पण पुत्र देवेन्द्र निवासी डी 16/237 238 रोहिणी सेक्टर–3 थाना साउथ रोहिणी जिला रोहिणी दिल्ली।
2. प्रशांत सिंगला पुत्र राकेश सिंगला निवासी म0न0 सी 1/47 बुद्ध बिहार फेस–1 थाना विजय विहार जिला रोहिणी दिल्ली
3. दीपक पुत्र उमाकांत गिरी निवासी सी 51 फेस–1 थाना विजय विहार जिला रोहिणी दिल्ली
4. शिवम पुत्र उमाकांत गिरी निवासी सी 51 फेस–1 थाना विजय विहार जिला रोहिणी दिल्ली
5. विवेक पुत्र पवन कुमार गोला निवासी वी 1/49 फेस–1 बुद्ध विहार थाना विजय विहार जिला रोहिणी नगर दिल्ली
6. नाम दीपांशु पुत्र रमन कुमार निवासी ए 1/36 फेस–1 बुद्ध विहार थाना विजय नगर दिल्ली

## बरामदगी का विवरणः–

1. 7600/–रुपये नकदी।
2. 06 मोबाइल फोन।
3. एक अदद हुन्डई i–20 कार।
4. एटीएम कार्ड।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री विनीत मलिक प्रभारी साइबर सेल जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री अजब सिंह थाना बाबूगढ जनपद हापुड।
3. उ0नि0 श्री पिन्टू सिंह थाना बाबूगढ जनपद हापुड।
4. है0 का0 जसवन्त कुमार साइबर सेल जनपद हापुड।
5. है0का0 दिग्विजय सिंह साइबर सेल जनपद हापुड।
6. है0का0 सुनील कुमार साइबर सेल जनपद हापुड।
7. है0 का0 साजुद्दीन खान साइबर सेल जनपद हापुड।
8. चालक विजय कुमार साइबर सेल जनपद हापुड।
9. का0 नीरज कुमार साइबर सेल जनपद हापुड।
10. का0 दीपक सिंह साइबर सेल जनपद हापुड